collegebatch.com

**SET-4**

**Series &RQPS**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **69**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **19** printed pages.
- Please check that this question paper contains **35** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# HOME SCIENCE (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***35*** *प्रश्न हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न-पत्र को* **चार** *खण्डों में विभाजित किया गया है —* ***खण्ड क, ख, ग*** *तथा* ***घ*** *।*

*(iv)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***14*** *(बहुविकल्पीय प्रश्न) हैं और प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(v)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***15*** *से* ***18*** *(केस स्टडी-आधारित प्रश्न) हैं और प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***19*** *से* ***25*** *प्रत्येक 2 अंक के तथा प्रश्न संख्या* ***26*** *से* ***29*** *प्रत्येक 3 अंक के हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***30*** *से* ***33*** *प्रत्येक 4 अंक के तथा प्रश्न संख्या* ***34*** *और* ***35*** *प्रत्येक 5 अंक के हैं ।*

*(viii)* *कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(ix)* *जहाँ भी आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तरों का समर्थन कीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना निम्नलिखित में से किस उद्देश्य के लिए शुरू की गई थी ? *1*

(A) लड़कियों को स्कूल में प्रवेश हेतु तैयार करने के लिए ब्रिज कोर्स (सेतु पाठ्यक्रम) में नामांकित करने के लिए

(B) पक्षपात लिंग (जेंडर) चुनाव की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए

(C) बालिकाओं की उत्तरजीविता, संरक्षण और शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिए

(D) सभी को रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए

**2.** किसी होटल के अतिथि कक्षों और स्नानगृहों की वास्तविक सफ़ाई कौन करता है ? *1*

(A) बेल-बॉय (B) दरबान

(C) कमरा परिचर (D) तल पर्यवेक्षक

**3.** धुलाई मशीनों का आलोड़क बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ उचित ***नहीं*** है ? *1*

(A) प्लास्टिक (B) ऐलुमिनियम

(C) बैकलाइट (D) लोहा

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and strictly follow them :*

*(i)* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *This question paper contains* ***35*** *questions.*

*(iii)* *The question paper is divided into* ***four*** *sections –* ***Sections A, B, C*** *and* ***D****.*

*(iv)* ***Section A*** *has questions no.* ***1*** *to* ***14*** *(Multiple Choice Questions) of 1 mark each.*

*(v)* ***Section B*** *has questions no.* ***15*** *to* ***18*** *(Case study-based questions) and are of 1 mark each.*

*(vi)* ***Section C*** *has questions no.* ***19*** *to* ***25*** *of 2 marks each and questions no.* ***26*** *to* ***29*** *of 3 marks each.*

*(vii)* ***Section D*** *has questions no.* ***30*** *to* ***33*** *of 4 marks each and questions no.* ***34*** *and* ***35*** *of 5 marks each.*

*(viii)* *Internal choices are given in some questions.*

*(ix)* *Support your answers with suitable examples wherever required.*

## SECTION A

**1.** Beti Bachao Beti Padhao Yojana was started by the Government of India with which of the following objectives ? *1*

(A) To enrol girls in a bridge course to prepare them for admission to a school

(B) To promote gender biased selection process

(C) To ensure survival, protection and education of the girl child

(D) To provide employment to all

**2.** Who does the actual cleaning of guest rooms and bathrooms in a hotel ? *1*

(A) Bellboy (B) Doorman

(C) Room attendant (D) Floor supervisor

**3.** Which of the following material is ***not*** suitable for making agitators in washing machines ? *1*

(A) Plastic (B) Aluminium

(C) Bakelite (D) Iron

**4.** कार्यस्थल पर कर्मचारियों के तनाव और स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने के लिए उपकरणों, मशीनों और कार्यकेंद्रों को डिज़ाइन करने के लिए __________ का उपयोग महत्त्वपूर्ण है । *1*

(A) उद्यमिता (B) सुकार्यिकी

(C) मानवमिति (D) शरीरविज्ञान

**5.** एक बड़े होटल में एक चक्र में धुलाई के लिए कपड़ों का अधिक भार सँभालने के लिए किस क्षमता की धुलाई मशीन उपयुक्त होगी ? *1*

(A) 100 किग्रा. (B) 5 से 10 किग्रा.

(C) 20 से 30 किग्रा. (D) 15 किग्रा.

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा आहार पूरक कार्यक्रम है ? *1*

(A) राष्ट्रीय पोषण अरक्तता रोग निरोधक कार्यक्रम

(B) कार्य के बदले अनाज राष्ट्रीय कार्यक्रम

(C) अन्नपूर्णा योजना

(D) मध्याह्न भोजन कार्यक्रम

**अथवा**

निम्नलिखित में से किस स्थान पर मार्च, 2018 में पोषण अभियान शुरू किया गया था ? *1*

(A) पानीपत, हरियाणा (B) झुंझुनू, राजस्थान

(C) कन्याकुमारी, तमिलनाडु (D) मैसूरू, कर्नाटक

**7.** नाको (NACO) का पूर्ण रूप क्या है ? *1*

(A) राष्ट्रीय गठिया नियंत्रण संगठन

(B) नया एड्स नियंत्रण संगठन

(C) राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन

(D) राष्ट्रीय अल्ज़ाइमर समुदाय संगठन

**8.** भारत सरकार निम्नलिखित में से किसके माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय पूर्व शिक्षा प्रदान करती है ? *1*

(A) क्रेच (शिशु देखभाल केन्द्र) (B) मॉन्टेसरी स्कूल

(C) दिवस देखभाल केन्द्र (डे केयर सेंटर) (D) आँगनवाड़ियाँ

**9.** निम्नलिखित में से ***ग़लत*** कथन ढूँढ़िए : *1*

(A) खाद्य पदार्थों को डिब्बों में बंद करने की प्रक्रिया (डिब्बाबंदी) निकोलस ऐपर्ट द्वारा विकसित की गई थी ।

(B) खाद्य पदार्थों से पोषक तत्त्वों को हटाना खाद्य पदार्थों का प्रबलीकरण (फ़ोर्टिफ़िकेशन) है ।

(C) लैक्टोज रहित दूध चिकित्सीय खाद्य का एक उदाहरण है ।

(D) 5 से 60°C तक की ताप की परास को खतरे का क्षेत्र कहा जाता है ।

collegebatch.com

**4.** Use of __________ is important for designing tools, machines and workstations to reduce stress and health problems of the workers at the workplace. *1*

(A) Entrepreneurship (B) Ergonomics

(C) Anthropometry (D) Physiology

**5.** What capacity of washing machine would be suitable to handle a large load of clothes for washing in one cycle in a big hotel ? *1*

(A) 100 kg (B) 5 – 10 kg

(C) 20 – 30 kg (D) 15 kg

**6.** Which of the following is a Food Supplementation Programme ? *1*

(A) National Nutritional Anaemia Prophylaxis Programme

(B) National Food for Work Programme

(C) Annapurna Scheme

(D) Mid-day Meal Programme

**OR**

POSHAN Abhiyaan was launched in March 2018 at which of the following places ? *1*

(A) Panipat, Haryana (B) Jhunjhunu, Rajasthan

(C) Kanyakumari, Tamil Nadu (D) Mysuru, Karnataka

**7.** What is the full form of NACO ? *1*

(A) National Arthritis Control Organisation

(B) New AIDS Control Organisation

(C) National AIDS Control Organisation

(D) National Alzheimer Community Organisation

**8.** The Government of India offers preschool education in urban and rural areas through : *1*

(A) Creches (B) Montessori schools

(C) Day care centres (D) Anganwadis

**9.** Find the ***incorrect*** statement from the following : *1*

(A) Canning was developed by Nicolas Appert.

(B) Food fortification is removing of nutrients from the foodstuffs.

(C) Lactose-free milk is an example of medical food.

(D) Temperature range between 5 – 60°C is known as danger zone.

**10.** सही युग्म का चयन कीजिए । *1*

(A) वार्ली – महाराष्ट्र

(B) चन्नपटन की गुड़ियाँ – केरल

(C) शोला शिल्प – गुजरात

(D) बाँस शिल्प – पंजाब

**11.** सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए । *1*

| *सूची-I (बाज़ार विभाजन के प्रकार)* | | *सूची-II (विभाजन का आधार)* | |
|---|---|---|---|
| i. | जनांकिकीय | 1. | विशिष्ट उत्पादों या सेवाओं पर राय |
| ii. | मनोवृत्तिपरक | 2. | क्षेत्र, जलवायु |
| iii. | भौगोलिक | 3. | समान जीवनशैलियाँ, अभिरुचियाँ |
| iv. | व्यवहारगत | 4. | आयु, जनसंख्या |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) i – 1, ii – 2, iii – 4, iv – 3

(B) i – 3, ii – 1, iii – 4, iv – 2

(C) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1

(D) i – 2, ii – 1, iii – 4, iv – 3

**12.** सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए । *1*

| *सूची-I (ई.सी.सी.ई. से संबंधित)* | | *सूची-II (आयु)* | |
|---|---|---|---|
| i. | टॉडलर | 1. | 8 – 12 महीने |
| ii. | प्रारंभिक बाल्यावस्था | 2. | जन्म से 6 वर्ष तक |
| iii. | अनजान व्यक्ति से डर | 3. | 2 से 3 वर्ष |
| iv. | समेकित बाल विकास सेवाएँ (आई.सी.डी.एस.) | 4. | जन्म से 8 वर्ष तक |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) i – 4, ii – 2, iii – 1, iv – 3

(B) i – 1, ii – 3, iii – 2, iv – 4

(C) i – 3, ii – 1, iii – 4, iv – 2

(D) i – 3, ii – 4, iii – 1, iv – 2

collegebatch.com

**10.** Select the correct pair. *1*

(A) Warli – Maharashtra
(B) Channapatna Dolls – Kerala
(C) Shola Craft – Gujarat
(D) Bamboo Craft – Punjab

**11.** Match List-I with List-II. *1*

| | *List-I (Ways of market segmentation)* | | *List-II (Basis of segmentation)* |
|---|---|---|---|
| i. | Demographic | 1. | Opinion on specific products or services |
| ii. | Psychographic | 2. | Regions, climate |
| iii. | Geographic | 3. | Similar lifestyles, interests |
| iv. | Behavioural | 4. | Age, population |

Choose the correct option from the following :

(A) i – 1, ii – 2, iii – 4, iv – 3
(B) i – 3, ii – 1, iii – 4, iv – 2
(C) i – 4, ii – 3, iii – 2, iv – 1
(D) i – 2, ii – 1, iii – 4, iv – 3

**12.** Match List-I with List-II. *1*

| | *List-I (Related to ECCE)* | | *List-II (Age)* |
|---|---|---|---|
| i. | Toddler | 1. | 8 – 12 months |
| ii. | Early childhood | 2. | Birth – 6 years |
| iii. | Fear of unknown people | 3. | 2 – 3 years |
| iv. | Integrated Child Development Services (ICDS) | 4. | Birth – 8 years |

Choose the correct option from the following :

(A) i – 4, ii – 2, iii – 1, iv – 3
(B) i – 1, ii – 3, iii – 2, iv – 4
(C) i – 3, ii – 1, iii – 4, iv – 2
(D) i – 3, ii – 4, iii – 1, iv – 2

collegebatch.com

**13.** खाद्य और औषध निर्माण उद्योगों में प्रगति के कारण रोगियों के पोषण के लिए कौन-से पोषक पूरक प्रयोग किए जा रहे हैं ? *1*

(i) न्यूट्रास्युटिकल्स

(ii) पॉलीक्लोरीनेटेड बाइफिनाइल्स

(iii) पादप रसायन

(iv) खाद्य परिरक्षक

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (i) और (ii)
(B) (i) और (iii)
(C) (iii) और (iv)
(D) (ii) और (iii)

**अथवा**

भारत को अक्सर विश्व की 'मधुमेह राजधानी' कहा जाता है । मधुमेह जैसे चिरकालिक रोग के दो संभावित कारणों की पहचान कीजिए । *1*

(i) चिकित्सीय पोषण उपचारक द्वारा निर्धारित आहार लेना

(ii) कम शारीरिक क्रियाकलाप

(iii) चीनी और वसा उपभोग में वृद्धि

(iv) रेशा/फाइबर उपभोग में वृद्धि

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (i) और (ii)
(B) (ii) और (iv)
(C) (ii) और (iii)
(D) (iii) और (iv)

**14.** 'स्वच्छ भारत मिशन' अभियान के उद्देश्य हैं : *1*

(i) एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम

(ii) वनों की कटाई को प्रोत्साहित करना

(iii) खुले में शौच का उन्मूलन

(iv) घरेलू और सामुदायिक शौचालयों का निर्माण

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (iii) और (iv)
(B) (i) और (iii)
(C) (ii) और (iv)
(D) (i) और (ii)

collegebatch.com

**13.** With advancement in food and pharmaceutical industry, which nutritional supplements are being used for nourishing patients ? *1*

(i) Nutraceuticals

(ii) Polychlorinated biphenyls

(iii) Phytochemicals

(iv) Food preservatives

Choose the correct option from the following :

(A) (i) and (ii) (B) (i) and (iii)

(C) (iii) and (iv) (D) (ii) and (iii)

**OR**

India is often referred as the 'Diabetes capital' of the world. Identify two possible causes of a chronic disease such as diabetes. *1*

(i) Taking diet prescribed by medical nutrition therapist

(ii) Less physical activity

(iii) Increase in sugar and fat consumption

(iv) Increase in fibre consumption

Choose the correct option from the following :

(A) (i) and (ii) (B) (ii) and (iv)

(C) (ii) and (iii) (D) (iii) and (iv)

**14.** The objectives of Swachh Bharat Mission campaign are : *1*

(i) Prevention of HIV/AIDS

(ii) Encouraging deforestation

(iii) Elimination of open defecation

(iv) Construction of household and community owned toilets

Choose the correct option from the following :

(A) (iii) and (iv) (B) (i) and (iii)

(C) (ii) and (iv) (D) (i) and (ii)

collegebatch.com

## खण्ड ख

## (केस स्टडी-आधारित प्रश्न)

*अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न संख्या **15** से **18** तक के उत्तर दीजिए ।*

स्वास्थ्य और पोषण परस्पर अंतरंग रूप से जुड़े हुए हैं । कुछ बीमारियों में, पोषण, व्यवस्था और उपचार में प्रमुख भूमिका निभाता है और कुछ में यह चिकित्सीय उपचार में पूरक का कार्य करता है । बीमारी से पहले और बाद में पोषण की स्थिति और सहायता, रोग के पूर्वानुमान, स्वास्थ्यलाभ और यहाँ तक कि अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि के निर्धारण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है । रोगी की पोषण संबंधी स्थिति और पोषण संबंधी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पोषण मूल्यांकन आवश्यक है । एक आहार विशेषज्ञ बीमारी की स्थिति में पोषण संबंधी आवश्यकताओं का विश्लेषण करके पोषण देखभाल योजना विकसित कर सकता है और उचित आहार परामर्श और मार्गदर्शन भी प्रदान कर सकता है ।

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म ***ग़लत*** है ? *1*

(A) नरम आहार : अर्ध-ठोस भोजन

(B) तरल आहार : रेशों और वसा की अधिकता वाला तरल पदार्थ

(C) नियमित आहार : सामान्य भोजन, सभी भोजन समूह सम्मिलित

(D) तैयार मृदु आहार : मसला हुआ और शोरबा युक्त आहार

**16.** नैदानिक पोषण और आहारिकी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ? *1*

(A) इसे जन पोषण चिकित्सा भी कहा जाता है ।

(B) पोषण का विशिष्ट क्षेत्र, जो बीमारी के दौरान पोषण से संबंधित है ।

(C) यह समग्र रूप से समुदाय की समस्याओं का समाधान करता है ।

(D) यह ग्रामीण घरों की स्वच्छता स्थिति को सुधारता है ।

**17.** नीचे दिए दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है । *1*

*अभिकथन (A) :* नली द्वारा भोजन खिलाने में पोषण की दृष्टि से संपूर्ण आहार एक नली के माध्यम से रोगी को दिया जाता है ।

*कारण (R) :* मुँह से भोजन खिलाने का अर्थ यह है कि रोगी को पोषण विशेष विलयनों से दिया जाता है, जिन्हें उसकी शिरा में ड्रिप द्वारा पहुँचाया जाता है ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है ।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है ।

collegebatch.com

## SECTION B

### (Case Study-Based Questions)

*Read the passage carefully and answer the questions no.* ***15*** *to* ***18****.*

Health and nutrition are intimately interlinked. In some diseases, nutrition plays a major role in its management and treatment, and for some it complements the medical treatment. Nutritional status and support, prior to and after illness, plays an important role in determining prognosis, recovery and even duration of hospitalization. Nutritional assessment is required to obtain information on the patients' nutritional status and nutritional needs. A dietitian can develop a nutrition care plan by analyzing the nutritional requirements in state of disease and also provide appropriate diet counselling and guidance.

**15.** Which of the following is an ***incorrect*** pair ? *1*

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Soft diet | : | Semi-solid foods |
| (B) | Liquid diet | : | Fluids high in fibre and fats |
| (C) | Regular diet | : | Normal foods, all food groups included |
| (D) | Mechanical soft diet | : | Mashed and pureed foods |

**16.** Which of the following statements is correct with respect to Clinical Nutrition and Dietetics ? *1*

(A) It is also called Public Nutrition Therapy.

(B) It is the specialised area of nutrition which deals with nutrition during illness.

(C) It addresses the problems of the community at large.

(D) It improves the sanitary condition of rural households.

**17.** Given below are two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R). *1*

*Assertion (A) :* In tube feeding, nutritionally complete feeds are delivered to a patient through a tube.

*Reason (R) :* Oral feeding means that the patient is nourished with special solutions which are given through a drip in a vein.

Select the most appropriate answer from the options given below :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

collegebatch.com

**18.** नीचे दिए दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है । *1*

*अभिकथन (A) :* मछली में ओमेगा-3 वसा अम्ल अधिक होते हैं जो कोशिकाओं के आवश्यक अवयव हैं ।

*कारण (R) :* यह हृदय को असामान्य हृदय लय/ताल से बचा सकते हैं ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है ।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है ।

## खण्ड ग

**19.** खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में किन्हीं चार स्व-रोज़गार अवसरों के नाम बताइए जिन्हें घरेलू या कुटीर स्तर के क्रियाकलाप के रूप में अपनाया जा सके । *2*

**20.** (क) सी.ए.आर.ए. (CARA) का क्या अर्थ है ? संवेदनशील बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसके एक कार्य पर प्रकाश डालिए । *2*

**अथवा**

(ख) एन.एस.एस. (NSS) का क्या अर्थ है ? भारत में युवाओं के विकास के लिए इसका एक उद्देश्य लिखिए । *2*

**21.** भारतीय उपभोक्ता किस प्रकार बिक्री संवर्धन के लुभावने हथकंडों के प्रलोभन में आकर भ्रमित हो जाते हैं और इसके शिकार बन जाते हैं ? *2*

**22.** एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जतिन ने यह सीखा कि व्यावसायिक जीवन में सफल होने के लिए किस प्रकार जीवन कौशल मददगार होते हैं । अब वह अपने कार्यस्थल पर अपनी टीम के सदस्यों को कौन-से चार प्रमुख जीवन कौशलों का सुझाव देगा ? *2*

**23.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.) – 2005 के प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा स्थिति पत्र के अनुसार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) के कोई दो मूल उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए । *2*

collegebatch.com

**18.** Given below are two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R). *1*

*Assertion (A) :* Fish is high in Omega-3 fatty acids which are essential components of cells.

*Reason (R) :* They can protect the heart from abnormal heart rhythm.

Select the most appropriate answer from the options given below :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

## SECTION C

**19.** Name any four self-employment avenues in the field of food processing that can be taken up as a household or cottage scale activity. *2*

**20.** (a) What is meant by CARA ? Highlight its one function to meet the needs of vulnerable children. *2*

**OR**

(b) What is meant by NSS ? Write its one aim in the development of youth in India. *2*

**21.** How do Indian consumers tend to get swayed by enticing sales promotion gimmicks and fall prey to them ? *2*

**22.** In a training programme, Jatin has learnt how life skills help to become successful in professional life. Which four core life skills would he now suggest to his team members at his work place ? *2*

**23.** As per the National Curriculum Framework (NCF) – 2005 Position Paper on Early Childhood Education, mention any two basic objectives of Early Childhood Care and Education (ECCE). *2*

collegebatch.com

**24.** (क) मंसेल रंग चक्र के आधार पर रंगों का वर्गीकरण कीजिए । किसी एक प्रकार के रंग का कोई एक उदाहरण दीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) संरचनात्मक और अनुप्रयुक्त डिज़ाइन के बीच अंतर बताइए । *2*

**25.** खाद्य उद्योग में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण के संबंध में विभिन्न रोज़गार के विकल्प उपलब्ध हैं । अपने भाई से, जिसने खाद्य सूक्ष्मजैविकी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की है, इस क्षेत्र में उपलब्ध किन्हीं चार जीविका के अवसरों की जानकारी प्राप्त कीजिए । *2*

**26.** 'उपभोक्ताओं को मानकीकरण चिह्न (मार्क) वाले उत्पाद ही खरीदने चाहिए ।' दो कारणों का उल्लेख करते हुए इस कथन का औचित्य बताइए । आई.एस.आई. (ISI) मार्क कौन-से संगठन का प्रमाणन चिह्न है ? *3*

**27.** (क) विकास संचार के क्षेत्र में एक महत्त्वाकांक्षी व्यावसायिक को इस क्षेत्र में सफल होने के लिए कोई तीन आवश्यक ज्ञान और कौशलों के सुझाव दीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) विकास संचार की विधि के रूप में मुद्रण माध्यम (प्रिंट मीडिया) की टेलीविज़न के साथ तुलना कीजिए । *3*

**28.** व्यावसायिक धुलाईघर विभिन्न भागों में व्यवस्थित किए जाते हैं जिनके विशिष्ट कार्य होते हैं ।

(क) एक उद्यमी, जो अपना व्यावसायिक धुलाईघर स्थापित करना चाहता है, के लिए विभिन्न भागों में किए जाने वाले किन्हीं चार कार्यों की सूची बनाइए ।

(ख) व्यावसायिक धुलाईघर में सांकेतिक पट्टियों की पद्धति से आप क्या समझते हैं ? *2+1=3*

**29.** (क) पूर्व ऐतिहासिक काल से ही विभिन्न तरीकों का उपयोग करते हुए खाद्य पदार्थों को संरक्षित किया जाता रहा है ।

(i) खाद्य संरक्षण की ऐसी चार पुरानी विधियों की एक सूची बनाइए जिनका उपयोग आज भी किया जा रहा है ।

(ii) भारत में खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी में विशेष पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले किसी एक संस्थान का नाम बताइए । *2+1=3*

**अथवा**

collegebatch.com

**24.** (a) Classify colours on the basis of Munsell's colour wheel. Provide an example of any one type of colour. *2*

**OR**

(b) Differentiate between Structural and Applied design. *2*

**25.** Various job options are available in food industry with respect to food safety and quality control. Get information on any four career avenues available in this field from your brother who has completed his Masters in Food Microbiology. *2*

**26.** 'Consumers must purchase products with standardization marks.' Justify this statement by giving two reasons. ISI Mark is the certification mark of which organisation ? *3*

**27.** (a) To an aspiring professional in the field of Development Communication, suggest any three knowledge and skills required to be successful in this field. *3*

**OR**

(b) Compare print media with television as a method of Development Communication. *3*

**28.** Commercial laundries are organised in different sections which deal with specific jobs.

(a) Make a list of any four jobs done in various sections for an entrepreneur who wants to set up his own commercial laundry.

(b) What do you understand by system of code tags in a commercial laundry ? *2+1=3*

**29.** (a) Food has been preserved using various methods since prehistoric times.

(i) Make a list of four old methods of food preservation, which are still being used today.

(ii) Name any one institute in India offering specialised courses in Food Processing and Technology. *2+1=3*

**OR**

(ख) (i) एक विषय के रूप में खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी के महत्त्व पर संक्षेप में चर्चा कीजिए ।

(ii) भारत में नमक, दूध, तेलों जैसे मुख्य खाद्य पदार्थों के प्रबलीकरण के मानक किसके द्वारा निर्धारित किए जाते हैं ? *2+1=3*

**खण्ड घ**

**30.** एच.ए.सी.सी.पी. में आहार श्रृंखला के प्रत्येक चरण के समय होने वाले खाद्य संकटों की पहचान करना सम्मिलित है ।

(क) एच.ए.सी.सी.पी. का पूर्ण रूप दीजिए ।

(ख) खाद्य उद्योग में एच.ए.सी.सी.पी. का कार्यान्वयन क्यों महत्त्वपूर्ण है, इसके तीन कारण बताइए । *1+3=4*

**31.** (क) शौर्य ने एक होटल में चेक-इन किया है । होटल के किस विभाग का कर्मचारी सबसे पहले उसका अभिवादन और स्वागत करेगा ? होटल के इस विभाग द्वारा दी जाने वाली किन्हीं तीन अन्य सेवाओं की सूची बनाइए । *4*

**अथवा**

(ख) "घर से दूर एक घर" वाक्यांश का प्रयोग प्राय: आतिथ्य उद्योग में यह दर्शाने के लिए किया जाता है कि अतिथियों को वहाँ उनके घर के समान ही आराम और सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं । इस संदर्भ में आतिथ्य सेवाएँ प्रदान करने वाले किन्हीं चार प्रकार के प्रतिष्ठानों का उल्लेख कीजिए । *4*

**32.** अनिल दुल्हन का लहँगा तैयार कर रहा है :

(क) वह इसमें किस प्रकार आवर्तिता (लय) का सृजन कर सकता है ? उदाहरणों के साथ दो तरीकों के सुझाव दीजिए ।

(ख) यदि वह लहँगे को एक ही रंग में डिज़ाइन करना चाहता है, तो वह किस रंग योजना या रंग सुमेल का प्रयोग करेगा ?

(ग) पृष्ठीय सजावट (सतही अलंकरण) के द्वारा लहँगे की बुनावट उभारने के लिए किसी एक तकनीक का नाम बताइए । *2+1+1=4*

collegebatch.com

(b) (i) Discuss briefly the significance of food processing and technology as a discipline.

(ii) By whom are standards for fortification of staple foods like salt, milk, oils laid down in India ? *2+1=3*

## SECTION D

**30.** HACCP involves identification of food hazards during each stage in the food chain.

(a) Give full form of HACCP.

(b) Mention three reasons why implementing HACCP in food industry is important. *1+3=4*

**31.** (a) Shaurya has checked into a hotel. Which department's staff will first greet and welcome him ? List any other three services provided by this department. *4*

**OR**

(b) The phrase 'A home away from home' is often used in hospitality industry, to denote that guests are provided with comforts and facilities similar to their homes. In this context, mention any four types of establishments who offer hospitality services. *4*

**32.** Anil is designing a bridal lehenga :

(a) How can he create rhythm in it ? Suggest two ways, with examples.

(b) Which colour scheme or colour harmony would he use if he wants to design the lehenga in a single hue ?

(c) Name any one technique that can enhance the texture of the lehenga through surface ornamentation. *2+1+1=4*

collegebatch.com

**33.** वृद्धजनों को मानव संसाधन के रूप में मानना महत्त्वपूर्ण है और उनके व्यापक अनुभव का उपयोग राष्ट्रीय विकास के लिए किया जाना चाहिए ।

(क) वृद्धजनों के स्वस्थ और सुरक्षित जीवन को सुनिश्चित करने के लिए, वर्ष 1999 में भारत सरकार द्वारा क्या पहल की गई थी ?

(ख) उन तीन कारणों का उल्लेख कीजिए जिनके कारण वृद्धजनों को संवेदनशील समूह माना जाता है ।

(ग) वृद्धजनों के लिए बहु-सेवा केन्द्रों में प्रदान की जाने वाली किन्हीं तीन सुविधाओं की सूची बनाइए । $1+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=4$

**34.** (क) हितिका ने एक ऐसे प्रतिष्ठित फैशन स्टोर में दृश्य व्यापार डिज़ाइनर के रूप में कार्य शुरू किया है जो केवल रेडी-टू-वियर (पहनने के लिए तैयार) वस्त्रों का व्यापार करता है ।

(i) उसके तीन कार्य उत्तरदायित्वों की सूची बनाइए जिनसे अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने की अपेक्षा की जाती है ।

(ii) निम्नलिखित के लिए फ्रांस में किस शब्द का प्रयोग किया जाता है ?

(1) पहनने के लिए तैयार कपड़े

(2) परिधान निर्माण की कला $3+2=5$

**अथवा**

(ख) रीमा एक फ़ैशन डिज़ाइनर है और एक फ़ैशन डिज़ाइनिंग संस्थान चलाती है ।

(i) इस पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले नए छात्रों को वह किस प्रकार 'फैशन-चक्र' के पाँच स्तरों को समझाएगी ?

(ii) उसके संस्थान में प्रदर्शित करने के लिए एक लेबलयुक्त 'फैशन-चक्र' ग्राफ/चित्र बनाइए । $2\frac{1}{2}+2\frac{1}{2}=5$

***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए***

(ii) ग्राफ/चित्र बनाने की आवश्यकता नहीं है ।

**35.** (क) 'भारत कुपोषण के दोहरे भार का सामना कर रहा है ।' दो कारण बताते हुए इस कथन का औचित्य दीजिए ।

(ख) भारतीय स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ, लोगों के स्वास्थ्य को संवर्धित करने, कायम रखने, निगरानी करने और स्वास्थ्य लाभ में सहायता करती हैं । चर्चा कीजिए कि, ये स्वास्थ्य सेवाएँ तीन विभिन्न स्तरों पर लोगों को कैसे प्रदान की जाती हैं । $2+3=5$

**33.** It is important to recognise the elderly as a human resource and their rich experience should be used for national development.

(a) To ensure a healthy and secure life for the elderly, which initiative was taken by the Government of India in the year 1999 ?

(b) State three reasons why the elderly are considered to be a vulnerable group.

(c) List any three facilities provided in multi-service centres for older persons. $1+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=4$

**34.** (a) Hitika has joined as a visual merchandise designer in a reputed fashion store which deals with only ready-to-wear clothing lines.

(i) List three job responsibilities which are expected of her to attract more customers.

(ii) Which terms are used in France for the following ?

(1) Ready-to-wear clothing

(2) Art of dress making $3+2=5$

**OR**

(b) Reema is a fashion designer and runs a fashion designing institute.

(i) How will she explain the five stages of 'Fashion Cycle' to the new students pursuing this course ?

(ii) Draw a labelled 'Fashion Cycle' graph/diagram to be displayed in her institute. $2\frac{1}{2}+2\frac{1}{2}=5$

***For Visually Impaired Candidates***

(ii) No need to draw Graph/Diagram.

**35.** (a) 'India is facing the double burden of malnutrition.' Justify this statement by giving two reasons.

(b) Indian health care services help to promote, maintain, monitor or restore health of people. Discuss how these health services are provided to people at three different levels. $2+3=5$